1 करोड़ 11 लाख 11 हजार 111 नम : शिवाय महामंत्र का संकल्प

खरगोन। सावन महीने के पावन अवसर पर दिव्यावी विश्रांति गृह, सुभाषी हॉस्पिटल परिसर, गौरीधाम खरगोन में 1,11,11,111 नम: शिवाय महामंत्र जप के विशेष संकल्प का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य आचार्य पं. महेंद्र भटोरे के सान्निध्य में कर्मकांडी पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं को संकल्प दिलाया गया तथा आज से महामंत्र जप का शुभारंभ भी किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक भाई रवि जोशी, भावना जोशी, प्रवीण जोशी, ममता जोशी, अनिल उपाध्याय, कल्पना उपाध्याय , रवि मंडलोई, रश्मि मंडलोई एवं डॉ. शुभी जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित

श्रद्धालुओं ने श्रावण मास के दौरान अधिक से अधिक संख्या में नम: शिवाय महामंत्र जप कर भगवान भोलेनाथ की कृपा प्राप्त करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से इस आध्यात्मिक महायज्ञ में सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मुख्य आचार्य पंडित महेंद्र भटोरे ने श्रावण मास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान शिव के पंचाक्षरी मंत्र नम: शिवाय का जप मनुष्य के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ जप संकल्प में सहभागी बनने का आग्रह किया। जितेंद्र जोशी एवं मुकेश जोशी ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से इस दिव्य जप संकल्प में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ की कृपा प्राप्त करने तथा धर्मलाभ लेने का आह्वान किया।

नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान में सहयोगियों का सम्मान

कसरावद। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के सफल संचालन एवं जनजागरूकता गतिविधियों में उल्लेखनीय सहयोग देने वाले विद्यालयों, स्वयंसेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों को गुरुवार को पैरामाउंटए एकेडमी में आयोजित सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य अभियान को सफल बनाने में विभिन्न वर्गों द्वारा दिए गए सहयोग का सम्मान करना तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने वाले लोगों का उत्साहवर्धन करना था। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशे के विरुद्ध जनआंदोलन तभी सफल हो सकता है, जब समाज के सभी वर्ग मिलकर

सक्रिय भूमिका निभाएं। विद्यालयों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों और मीडिया के सहयोग से अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिला है। नगर के वरिष्ठ पत्रकार देवदत्त एक्कल को एसडीओपी, श्वेता शुक्ला थाना प्रभारी, इंद्रेश त्रिपाठी एवं पैरामाउंट एकेडमी के प्राचार्य डॉ अखिलेश पाटीदार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने नशे के के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी लिया।

एक नजर में

पॉलीटेक्निक कॉलेज में गुरु पर्व का आयोजन

सनावद । शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय सनावद संस्था में गुरुवार को गुरू पूर्णिमा दिवस के अवसर पर महर्षि सांदीपनि गुरू पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें सर्वप्रथम माँ सरस्वुती एवं महर्षि सांदीपनि के चित्र पर माल्या र्पण एवं दीप प्रज्वमलन किया गया एवं सरस्विती वन्दमना पश्चात गुरूजनों का विद्यार्थियों द्वारा स्वायगत सम्मान किया गया एवं महर्षि सांदीपनि के बारे में प्राचार्य सी.जी.प्रकोल्यव द्वारा उनके जीवन एवं गुरू-शिष्या परम्परा के बारे में बताया गया । संस्थार के मैकेनिकल विभाग के विभागाध्याक्ष डॉ.के.के.गाडगे, व्याख्याता विकेन्द्र मोरान्यो एवं राजिल नाईक द्वारा भगवान श्रीकृष्णा की विधाओं के सम्बंजध में एवं विद्याओं पर केन्द्रित भगवान श्रीकृष्ण मेद्यावी छात्रवृत्ति योजना के बारे में विधार्थियों को जानकारी दी गई ।

चौहान के निधन पर दी श्रद्धांजलि

मंडलेश्वर। नगर पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं मेडिकल व्यवसाई कमलेश चौहान के पिताजी डॉ अनिल चौहान एवं राधेश्याम चौहान

के काकाजी डॉ हिमांशु चौहान डॉ प्रियांशु चौहान और डॉ अमृतांशु चौहान के दादाजी डॉ जगदीश चौहान का गुरुपूर्णिमा पर निधन हो गया वें 83 वर्ष के थे। शवयात्रा उनके ग्रह ग्राम सुन्द्रेल से निकली जिसमे बड़ी संख्या मे ग्रामीण और गणमान्य लोग शामिल हुए अंत्येष्टि नर्मदा घाट खलघाट मे की गई जहाँ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि देने वालों मे पत्रकार संघ मंडलेश्वर के अध्यक्ष राजेश पवार, प्रेस क्लब मंडलेश्वर के संरक्षक श्याम मेवाड़े, दुर्गेश राजदीप विनोद भार्गव महेंद्र वर्मा लखन पाटीदार पवन चौहान जोजू एम आर आतिश बिछवे शामिल रहे।

नशे की लत से दूर रहना जरूरी

सनावद । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सचिन बिरला ने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार की समृद्धि के लिए भी घातक है। इसलिए नशे की लत से दूर रहना जरूरी है। विधायक ने पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान की सराहना की और कहा कि नशे की बुराई के विरुद्ध समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना होगा। विधायक ने विद्यार्थियों और युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहने का आव्हान किया।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी रामेश्वर ठाकुर,भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नरेंद्रसिंह पंवार,रामेश्वर सिनगुने,गोविंद बिरला,नरेंद्र गावशिंदे, ओमप्रकाश राठौड़,प्रेमलाल बिरला, प्रेमलाल सिनगुने,सरपंच मयाचंद भमोरिया, अतुल जैन,सुरेश सोलंकी,रामदेव बिरला,ओमप्रकाश भमोरिया,संजय पाठक,जितेंद्र चौहान,सावन जैन, दशरथ उंधालिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

राठौड़ युवा मंच की नई कार्यकारिणी गठित

बिस्टान । नगर के राठौड़ समाज में युवा नेतृत्व को नई दिशा देने

के उद्देश्य से राठौड़ युवा मंच की नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया हो गई है । आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से मोहन राठौड़ को अध्यक्ष पद व उपाध्यक्ष पद अध्यक्ष मुकेश राठौड़ को चुना गया । इस दौरान सकल समाज के वरिष्ठजनों और बड़ी संख्या में युवाओं ने राठौड़ समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को शुभकामनाएं दी । नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है । वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में समाज की एकता और विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे ।

गुरुपूर्णिमा पर किया पौधारोपण

अंदड। शासकीय हाई स्कूल अंदड में गुरु पूर्णिमा पर्व आयोजित किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में जनप द सदस्य वीरेंद्र मंडलोई, भाई लाल यादव ने आम,जा म, वफूलों के पौधे लगाए गए जनपद सदस्य ने पौधा लगाकर पानी डाला शाला के बच्चों से उनकी प्रतिदिन पौधों कीसेवा करने का आवाहन किया। इस अवसर पर श्री मंडलोई द्वारा शाला के प्रत्येक बच्चों से अपने-अपने घर खेतों में मेड पर एक पौधे लगाने का आवाहन किया, शाला के प्राचार्य गिरीश शर्मा, शिक्षक गण एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

नवागत कलेक्टर का किया स्वागत

खरगोन। नवागत कलेक्टर गुरु प्रसाद का शिवडोला समिति, दामखेड़ा नाग मंदिर समिति व बीसा नीमा महाजन समाज खरगोन के अध्यक्ष नवनीतलाल भंडारी (लिम्बु सेठ) तथा मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के जिला संयोजक आशीष मेहता ने सौजन्य भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर कलेक्टर गुरु प्रसाद ने कहा जिले में विकास की असीम सम्भावनाएं हैं। हम मिल-जुलकर विकास में सहभागी बनेगें। इस मौके पर श्री मेहता ने मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन विषय पर चर्चा की।

सांदीपनि विद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव

महेश्वर । गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शासकीय सांदीपनि विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ अवसर पर मां सरस्वती और महर्षि सांदीपनि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की ।

मुख्य अतिथि ब्रह्मकुमारी संस्थान की अनीता दीदी एवं वैशाली दीदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें माता-पिता और गुरु सही दिशा प्रदान करते हैं अत: हमें उनका सम्मान करना चाहिए ।सेवानिवृत प्राचार्य अजय कुमार घुले ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भगवान दत्तात्रेय के 24 गुरुओं के विषय में अनूठी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को

पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज 2025 के विजेता छात्र मयंक रावल को विद्यालय परिवार की ओर से 11000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया । प्राचार्य बिरजू गुप्ता एवं शाला परिवार के सदस्यों ने पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई दी।

इस अवसर पर संस्था प्रमुख बिरजू गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि यूं तो विद्यालय में वर्ष भर संस्कृतिक गतिविधियां संचालित होती है लेकिन गुरु पूर्णिमा के माध्यम से हम विद्यार्थियों को गुरु शिष्य परंपरा का अनुसरण करने का पाठ पढ़ाते हैं क्योंकि जीवन में हर पायदान पर हम सभी विद्यार्थी होते हैं जबकि शिष्य के जीवन में कई गुरुओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है गुरुओं के प्रति हमें सदैव आभारी होना चाहिए । इस अवसर पर समाजसेवी केके पुरोहित एवं वरिष्ठ शिक्षक मोहनलाल परिहार , सायबा सोलंकी, जितेन्द्र भालसे, संजय भावसार, एम एल पाटीदार एवं मंजुला दुबे उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता राजकुमार शर्मा ने किया ।

नोडल सक्षम अधिकारी ने विद्यार्थियों के साथ किया कम्युनिकेशन

महेश्वर। विकासखंड सक्षम नोडल प्रभारी के द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय चिंदडिया में सक्षम गतिविधियों के संबंध में मेरी सिख की कॉपी , कोना, स्टडी, कॉर्नर कम्युनिकेशन, अवेयरनेस, सपनों की दीवार इत्यादि विषयों पर बच्चों से चर्चा करके कौशल को जीवन में कैसे आगे बढ़ाएं, इस पर बच्चों ने अपने दैनिक जीवन के उदाहरण भी प्रस्तुत किये। सीताराम प्रजापति ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय बडदिया जन शिक्षा केंद्र धरगांव महेश्वर के अंतर्गत आने वाली शाला में विकासखंड सक्षम नोडल सीताराम प्रजापत के द्वारा बच्चों से कम्युनिकेशन /संप्रेषण कौशल पर बातचीत की गई जिसमें बच्चों ने बातचीत के कई उदाहरण जो कि उनके दैनिक जीवन में हुए एक-एक करके बताए गये।

अच्छी वर्षा के लिए बांके बिहारी मंदिर में 24 घंटे करेंगे संकीर्तन

खरगोन। अल्प वर्षा की स्थिति को देखते हुए शहर की ग्रीन गोल्ड कॉलोनी स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में 24 घंटे का हरे राम, हरे कृष्ण संकीर्तन आयोजित किया जाएगा। आयोजन बालकृष्णदास और पूर्णानंद की प्रेरणा से बांके बिहारी मंदिर में 1 अगस्त शनिवार सुबह 11 बजे से शुरू होकर 2 अगस्त रविवार सुबह 11 बजे तक चलेगा।

मंदिर संस्थापक श्याम बड़ोले ने बताया क्षेत्र में अपर्याप्त वर्षा के कारण जल संकट की आशंका बढ़ गई है, जिससे खेती और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में यह संकीर्तन अध्यात्मिक माध्यम से सामूहिक प्रार्थना का एक प्रयास है। संकीर्तन का मुख्य उद्देश्य इंद्र देव से पर्याप्त वर्षा की प्रार्थना करना है, जिससे पशु-पक्षी और जनमानस का कल्याण हो सके। आयोजकों ने सभी वैष्णव भक्तों से अपनी सुविधानुसार इस संकीर्तन में शामिल होने का अनुरोध किया है। दिन के समय महिला मंडलियों द्वारा और रात्रि में पुरुष मंडलियों द्वारा संकीर्तन किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार, रात 9 बजे से देर रात 2.30 बजे तक परीकर मंडल लोनारा द्वारा संकीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके उपरांत बांके बिहारी मंदिर समिति के सदस्य संकीर्तन जारी रखेंगे। संकीर्तन की पूर्णाहुति 2 अगस्त को विशेष आरती के साथ होगी। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वर्षा और जनकल्याण के लिए बिहारी से प्रार्थना करने का आह्वान किया है।

त्योहारों के मद्देनजर हुई शांति समिति की बैठक

महेश्वर। महेश्वर के थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में एसडीएम पूर्व मंडलोई, एसडीओपी श्वेता शुक्ला, थाना प्रभारी जगदीश गोयल, तहसीलदार कैलाश सत्तिया उपस्थित थे।

अधिकारियों ने संबोधित करते हुए मुस्लिम समाज के 40वें , सावन माह की कावड़ यात्राओं के साथ अन्य उत्सवों के आयोजन को लेकर नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों तथा विभिन्न आयोजन प्रमुखों से चर्चा की गई। इस दौरान एसडीएम पूर्वा मंडलोई ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोगअपने अपने त्यौहार अपनी परंपराओं के अनुसार माना है लेकिन त्योहार मनाए जाने के दौरान और जुलूस निकाले जाने के दौरान शासन के नियमों का ध्यान रखें ताकि नगर वासियों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं। डीजे बजाने को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों और आयोजनकर्ताओ के बीच में इस विषय पर गरमा-गरमी बनी रही। बैठक के दौरान नर्मदा रिट्रीट होटल के बाउंड्री वाल निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई जिस पर प्रशासनिक अधिकारीयों ने उपस्थित जनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी का आरोप, कांग्रेस ने चेताया

खरगोन। स्थानीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों के बीच जिला कांग्रेस ने मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए हैं। गुरुवार को आयोजित स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं जिला निर्वाचन प्रभारी कादर बेग ने स्थानीय निर्वाचन स्ट्रॉन्ग रूम (डाइट) का निरीक्षण किया तथा फोटोयुक्त स्थानीय निर्वाचन मतदाता सूची में पाई गई विसंगतियों को लेकर निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष औपचारिक आपत्ति दर्ज कराई।

बैठक के बाद कादर बेग ने कहा कि कांग्रेस ने पहले भी बड़ी संख्या में अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने

के लिए लिखित आपत्तियां प्रस्तुत की थीं, लेकिन आज तक उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा निर्वाचन की मतदाता सूची में जिन व्यक्तियों को अपात्र माना गया है, उन्हीं लोगों के नाम अंतिम प्रकाशित नगर पालिका निर्वाचन मतदाता सूची में अब भी दर्ज हैं, जो निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया गया था, लेकिन उसके अनुरूप नगर पालिका की मतदाता सूची से अपात्र व्यक्तियों के नाम नहीं हटाए गए। यदि पात्रता समाप्त होने के बावजूद ऐसे नाम सूची में बनाए रखे जाते हैं, तो इससे निष्पक्ष चुनाव की भावना प्रभावित होती है ।कादर बेग ने कहा कि कांग्रेस निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव की पक्षधर है और किसी भी प्रकार की अनियमितता को स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने निर्वाचन अधिकारियों से लंबित आपत्तियों का निराकरण कर अपात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस इस पूरे मामले की शिकायत राज्य निर्वाचन आयोग से करेगी।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकुश जायसवाल का सम्मान

सनावद। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंकुश जायसवाल के प्रथम सनावद नगर आगमन पर गुरुवार को भव्य स्वागत किया गया। विधायक कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में भाजयुमो नगर अध्यक्ष मोहित यादव के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष अंकुश जायसवाल का स्वागत किया गया।

यादव ने स्वागत भाषण दिया ।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के

दिखाए मार्ग का अनुसरण करने का आव्हान किया। उन्होंने भाजयुमो कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर भाजपा के जनाधार को और अधिक सशक्त बनाने की प्रेरणा दी। समारोह को भाजपा नेता प्रभात पंडित,भाजपा नेत्री ज्योति येवतीकर ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष को अपना परिचय दिया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल, भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष अनिता बंसल,भाजपा जिला मंत्री अमिता मंत्री,यश सोनकर, यश गोधा, अनिकेत बैसवार, गणेश कर्मा, शुभम शर्मा, अश्विन पुरोहित, पार्षद राजेश अंजने,केतन गेहलोत, मनोज जैन, ओमप्रकाश बंसल, राकेश गेहलोत,संजय वर्मा,सरोज इंगला, संजय राठौर,रशीद जोया, राकेश मालवीय,उज्ज्वल प्रजापत, विजय सोनी, अजय राठौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वेदा नदी में डूबने से 45वर्षीय युवक की मौत

गोगावा। बुधवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिलखेड बुजुर्ग निवासी अनारसिंह पिता भवरसिंह 45 वर्ष की गांव के समीप से जा रही वेदा नदी के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई है ।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मालूम हुआ कि अनारसिंह बुधवार की शाम को नदी के इस पार स्थित छोटी बिलखेड से उस पार बिलखेड बुजुर्ग की और तेरकर निकल रहा था की उसी दौरान बीच मझधार में वह गहरे पानी में चला गया जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई है देर रात तक अनार सिंह के शव का कोई सुराग नहीं लगने के बाद गुरुवार सुबह गोगावा पुलिस ने सूचना पर एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया काफी खोजबीन के बाद टीम ने अनारसिंह के शव को बड़ी मशक्कत के बाद सुबह नव बजे के लगभग गहरे पानी में से निकाला गया पुलिस थाने से एएसआई अनिल तिवारी ने शव का मोका पंचनामा बनाकर पोस्टमार्डम के लिए शव को गोगावा शासकीय अस्पताल भेजा गया। पुलिस युवक की मौत के कारणों की जांच कर रही है।

पत्नी की हत्या के आरोपी पति को सश्रम आजीवन कारावास

बिस्टान। अतिरिक्त लोक अभियोजक राजकुमार अत्रे ने बताया कि अभियुक्त पति पुन्या उर्फ पूना पिता गिलदार मानकर निवासी गोपालपुरा थाना बिस्टान ने ग्राम मानपुर पुलिस थाना बरुड़ क्षेत्रांतर्गत महेश चौहान कि गिट्टी खदान के निवासरत मजदूर पुन्या उर्फ पूना ने अपनी पत्नी सुखलीबाई को 20.04.23 की रात्रि 9.00 बजे पाईप से मारते मारते बैड़ी पर लेकर गया तथा उसके गुप्तांग में मिर्ची पाउडर डालकर उसकी क्रुरता पूर्वक हत्या कर दी।

सुनवाई करते हुए तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश राजकुमार यादव ने पत्नी की क्रूरतम हत्या के अभियुक्त पति पुन्या उर्फ पूना मानकर को सश्रम आजीवन कारावास एवं 2000/- रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस अनुसंधान तत्कालीन थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह लववंशी के द्वारा किया गया। अभियोजन साथ इस प्रकार है कि मृतिका के साथ अभियुक्त को अंतिम बार उसके साथ मारपीट करते हुए बैड़ी पर ले जाते हुए देखा था। अभियुक्त ने अपने बचाव में बताया कि वह स्वयं घटना के समय गुजरात में था। किंतु वह अपने बचाव को साबित करने में असफल रहा। जबकि अभियोजन की ओर से कराए गए सभी साक्षियों के कथनों से न्यायालय ने मामले को संदेह से परे प्रमाणित पाया।

एक नजर — सीसीटीवी लगवाने, साफ-सफाई और कीचन गार्डन बनाने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने देवालगांव और बामनाला का किया निरीक्षण

खरगोन । कलेक्टर गुरु प्रसाद ने गुरुवार को देवालगांव आंगनवाड़ी और बामनाला क्षेत्र का निरीक्षण किया। सबसे पहले देवालगांव आंगनवाड़ी पहुंचकर वीडियो कैमरा (सीसीटीवी), साफ-सफाई एवं किचन गार्डन बनवाने के निर्देश दिए। व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद शासकीय सांदीपनि विद्यालय बामनाला पहुंचे। ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया एवं कक्षा 9वी से 12वीं के विद्यार्थियों से कक्षाओं में जाकर चर्चा की। शिक्षा जरूरी है, अच्छी पढ़ाई करें और आगे बढ़ें, यह बात

विद्यार्थियों से कही। प्राचार्य नवीन कुशवाह से भी विद्यालय की व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

बालक और बालिका छात्रावास भी देखा। छात्र-छात्राओं से सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान पल्लवी राठौड़ को भोज विश्वविद्यालय से प्राइवेट करने के लिए अनुभव प्रमाण पत्र चाहिए था। पल्लवी राठौर द्वारा सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल शकरखेड़ी में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी थी। कलेक्टर गुरु प्रसाद के निर्देश पर प्रमाण पत्र पर संकुल प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर कर प्रमाण पत्र दिया गया। इसके बाद बामनाला की शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया। राशन वितरण व्यवस्था देखी और हितग्राहियों से जानकारी ली। अन्य योजनाओं का लाभ लेने वाले हितग्राहियों की भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री लोकेश छापरे सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।